an>

Title: Need to undertake reconstruction of barrage gate on river Rohini in Maharajganj district, Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज) ः रोहिन नदी नेपाल से निकलकर भारत के जनपद महाराजगंज (उ.प्र.) में नवतनवां ब्लॉक में प्रवेश करती है। इस नदी का पानी मिश्रौलिया में बने बैराज गेट से चार नहरों को भेजा जाता था जिसमें लक्ष्मीपुर ब्लॉक तथा नवतनवां ब्लॉक में कृषि कार्य में इस जल का उपयोग करने तथा बाढ़ के दिनों में बाढ़ को नियंत्रित करने में सहायता मिलती थी। वर्ष 2002 से यह बैराज गेट पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है जिसके कारण इस नदी के जल का उपयोग न तो कृषि कार्यों में हो पा रहा है और न ही बाढ़ के नियंत्रण में सहायता मिल पा रही है। बरसात के दिनों में यह पानी फैलकर आस-पास के क्षेत्रों में भारी तबाही फैलाता है तथा पानी व्यर्थ चला जाता है।

मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि जनपद महाराजगंज (उ.प्र.) में नवतनवां-ठूठीबारी सड़क मार्ग पर मिश्रौलिया से रोहिन नदी पर बैराज गेट का पुनर्निर्माण की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।